एक नजर में

मैन इंडस्ट्रीज ने गल्फ कंट्रीज में रखा कदम

इंदौर. बड़े व्यास की कार्बन स्टील लाइन पाइप निर्माता कंपनियों में से एक मैन इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसकी सऊदी अरब स्थित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी मैन इंटरनेशनल स्टील इंडस्ट्रीज़ कंपनी (एमआईएसआईसी) ने नेशनल पाइप कंपनी लिमिटेड का 100 प्रतिशत अधिग्रहण कर लिया है. निखिल मनसुखानी प्रबंध निदेशक मैन इंडस्ट्रीज़ (इंडिया) लिमिटेड ने कहा यह मैन की वैश्विक विकास यात्रा का एक ऐतिहासिक और निर्णायक क्षण है. एक ही सौदे के माध्यम से हमने 4.30 लाख मीट्रिक टन प्रतिवर्ष की एपीआई-प्रमाणित उत्पादन क्षमता, सऊदी अरामको के साथ दो दशकों से अधिक पुराने संबंधों पर आधारित प्रतिष्ठित ग्राहक आधार तथा पूर्णत: ऋण-मुक्त बैलेंस शीट हासिल की है, वह भी ऐसे मूल्यांकन पर जो समान परिसंपत्तियों के बाजार मूल्यांकन का केवल एक छोटा हिस्सा है.

अवादा भारत उदय यात्रा इंदौर पहुंची

इंदौर. स्वच्छ ऊर्जा बनाने वाली कंपनी अवादा ग्रुप की ओर से आयोजित अवादा भारत उदय यात्रा इंदौर पहुंची. स्वच्छ ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की राष्ट्रव्यापी अभियान के दौरान इंदौर में इस यात्रा के माध्यम से स्थानीय नागरिकों और संस्थाओं को टिकाऊ ऊर्जा और पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली से जोड़ने का प्रयास किया गया. इस अवसर पर अवादा ग्रुप के चेयरमैन विनीत मित्तल ने कहा आज वह समय आ गया है जब हम पूरी तरह से प्राकृतिक ऊर्जा की ओर बढ़ें. 'अवादा भारत उदय यात्रा' के जरिए हम स्वच्छ ऊर्जा को हर घर तक पहुंचाना चाहते हैं ताकि यह केवल एक अभियान न रहकर एक जन-आंदोलन बन जाए.

ऐलन्स पोटैटो चिप्स' का लिमिटेड-एडिशन लांच

इंदौर. दुनिया भर में फुटबॉल प्रेमियों पर फुटबॉल का खुमार छाया है. ऐसे में रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड अपने लोकप्रिय ब्रांड 'ऐलन्स पोटैटो चिप्स' के विशेष लिमिटेड-एडिशन रेंज के साथ इस रोमांच को सीधे स्नैक प्रेमियों तक पहुंचा रहा है. फुटबॉल की कुछ प्रतिष्ठित टीमों और देशों से प्रेरित इस नई कलेक्शन में चार अंतरराष्ट्रीय फ्लेवर शामिल हैं, जो स्पेन, अर्जेंटीना, ब्राज़ील और पुर्तगाल की भावना, स्वाद और ऊर्जा को दर्शाते हैं. इस लिमिटेड-एडिशन कलेक्शन को उपभोक्ताओं की बदलती पसंद और स्वाद को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है. टमाटर आज भी भारत के सबसे पसंदीदा फ्लेवर प्रोफाइल में से एक है, जबकि चीज़-आधारित स्नैक्स की मांग उपभोक्ताओं के बीच तेजी से बढ़ रही है. इसके साथ ही, तीखे और बोल्ड स्वादों की लोकप्रियता भी लगातार बढ़ रही है.

टीकेएम ने एनवायरनमेंट मंथ का आयोजन किया

इंदौर. टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने 'एनवायरनमेंट मंथ 2026' की शुरुआत की है, जिसका थीम है रिसोर्स रीसाइक्लिंग के जरिए क्लाइमेट पॉज़िटिव कंपनी की ओर कदम. टीकेएम अपने ऑपरेशन्स में रिसोर्स खपत कम करने और वेस्ट घटाने पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है. कंपनी का लक्ष्य अगले पाँच वर्षों में क्रॉस-फंक्शनल सुधार गतिविधियों के माध्यम से पैकेजिंग उपयोग में 12.5% कमी करना है. बी. पद्मनाभा, एक्ज़ीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट एवं डायरेक्टर मैन्युफैक्चरिंग, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा एनवायरनमेंट मंथ 2026 के माध्यम से हम रिसोर्स रीसाइक्लिंग और वेस्ट रिडक्शन पर अपना ध्यान और मज़बूत कर रहे हैं, साथ ही वैल्यू चेन में टिकाऊ प्रैक्टिसेज़ को प्रोत्साहित कर रहे हैं. हमारा दृढ़ विश्वास है कि हर व्यक्ति का योगदान, चाहे वह छोटा क्यों न हो, सार्थक बदलाव ला सकता है.

सैमसंग ने नए गैलेक्सी वॉच फीचर्स लॉन्च किए

इंदौर. सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने सैमसंग हेल्थ ऐप के लिए एक बड़े अपडेट की घोषणा की है. 8 जून से सैमसंग इस ऐप अपडेट को रोल आउट करना शुरू कर देगा ताकि आगामी गैलेक्सी वॉच में मिलने वाले मुख्य हेल्थ फीचर्स की झलक दिखाई जा सके. यह अपडेट रात की नींद से लेकर दिनभर की गतिविधियों तक के जटिल बायोमेट्रिक डेटा को सरल और काम आने वाले सुझावों में बदलकर रोज़ाना के स्वास्थ्य प्रबंधन को बहुत आसान बना देता है. सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के मोबाइल एक्सपीरियंस बिजनेस में डिजिटल हेल्थ टीम के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और हेड, होन पाक ने कहा सैमसंग हेल्थ ऐप अब गैलेक्सी वॉच द्वारा मापे गए हेल्थ डेटा को एआई आधारित जानकारियों से जोड़ने के लिए विकसित हो रहा है. इससे यूज़र्स अपनी शारीरिक और मानसिक स्थिति को बेहतर तरीके से समझ सकेंगे.

मोटोरोला ने लॉन्च किया एज 70 प्रो+

इंदौर. मोटोरोला ने मोटोरोला एज 70 प्रो+ लॉन्च किया, जो 2026 का सबसे स्टाइलिश ऑल-राउंडर फोन है. बिना किसी समझौते के फ्लैगशिप अनुभव देने के लिए डिज़ाइन किया गया यह स्मार्टफोन, प्रो-ग्रेड फोटोग्राफी, प्रीमियम व विशिष्ट फिनिश, इमर्सिव एंटरटेनमेंट, नेक्स्ट-जेन मोटो अनुभवों और फ्लैगशिप-लेवल परफॉर्मेंस का एक शानदार संयोजन है. इस डिवाइस में क्वाड 50स्क्रप्रो-ग्रेड कैमरा सिस्टम दिया गया है, जिसका नेतृत्व कम रोशनी में बेहतरीन फोटोग्राफी के लिए मोटो एआई से लैस एडवांस सोनी लिटिया 710 कैमरा करता है. मोटोरोला इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर टी.एम. नरसिम्हन ने कहा मोटोरोला एज 70 प्रो+ के लॉन्च के साथ हम एक असली बिना किसी समझौते का प्रमुख स्मार्टफोन ला रहे हैं जो प्रो-ग्रेड फोटोग्राफी, लग्जरी फिनिश, इमर्सिव एंटरटेनमेंट, एडवांस्ड मोटो एआई अनुभव और फ्लैगशिप-लेवल परफॉर्मेंस को एक साथ लाता है.

आधार हाउसिंग फाइनेंस ने घर खरीदना आसान बनाया

इंदौर. आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इंदौर में घर खरीदना बेहद आसान और किफायती बनाने के लिए प्रतिबद्ध है. सरकार की इस किफायती आवास योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने और होम लोन मिलने की प्रक्रिया को सरल करने के उद्देश्य से, कंपनी 5 और 6 जून को पूरे राज्य में पीएमएवाई स्पॉट सेंक्शन कैंप आयोजित कर रही है. ये कैंप योग्य ग्राहकों को इस योजना के फायदों, सब्सिडी की पात्रता और आसान होम लोन प्रक्रिया को समझने में मदद करेंगे. ऋषि आनंद, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने कहा अहम पूरे भारत में वंचित और जरूरतमंद परिवारों के लिए किफायती घर खरीदने की राह को और आसान बनाना चाहते हैं. हमारे स्पॉट सेंक्शन कैंप के माध्यम से, हमारा उद्देश्य होम लोन की पहुंच को सरल बनाना, जागरूकता बढ़ाना और उभरते बाजारों में घर का सपना देखने वाले लोगों को उनके अपने घर के सफ़र में हर संभव मदद करना है.

वोग आईवियर ने कृति सेनन को बनाया अपना नया चेहरा

इंदौर. वोग आईवियर ने मशहूर अभिनेत्री कृति सेनन को अपना नया महिला ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है. इस भूमिका में वह शाहिद कपूर के साथ शामिल हुई हैं, जो लंबे समय से ब्रांड का चेहरा रहे हैं. नई पीढ़ी की व्यक्तिगत पहचान और आत्मविश्वास को केंद्र में रखते हुए, ब्रांड ने अपना नया कैंपेन 'वोग आईवियर जर्नी' लॉन्च किया है. यह अभियान न केवल फैशनेबल है, बल्कि आज के युवाओं की सोच से भी मेल खाता है. इस अवसर पर कृति सेनन ने कहा वोग आईवियर ट्रेंड में रहने वाला, वर्सेटाइल और मेरे व्यक्तिगत स्टाइल का प्रतिबिंब है. मैं उनके नए कैंपेन का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूँ, जो निरंतर बदलाव और खुद के व्यक्तित्व के नए पहलुओं को खोजने की भावना को दर्शाता है. यह कैंपेन आत्म-खोज की इस यात्रा को खूबसूरती से प्रस्तुत करता है.

रेडहेक्स हाइब्रिड लॉन्ग-शॉर्ट फंड लॉन्च किया

इंदौर. एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने रेडहेक्स हाइब्रिड लॉन्ग-शॉर्ट फंड लॉन्च किया है, जो एक स्पेशलाइज्ड इन्वेस्टमेंट फंड (एसआईएफ) की रणनीति है. इसे उन निवेशकों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो नियमित रिटर्न और पूंजी वृद्धि की तलाश में हैं. यह रणनीति विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों—फिक्स्ड इनकम, इक्विटी आर्बिट्राज, आरईआईटी और इनविट यूनिट्स—में निवेश को मिलाकर बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान जोखिम-समायोजित रिटर्न हासिल करने का प्रयास करती है. इसका नया फंड ऑफर (एनएफओ) 2 से 16 जून तक खुला रहेगा. कैलाश कुलकर्णी, सीईओ, एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने कहा रेडहेक्स हाइब्रिड लॉन्ग-शॉर्ट फंड को एक आसान बीच के रास्ते की तरह बनाया गया है. इसमें निवेशकों को म्यूचुअल फंड जैसी साफ़-सुथरी जानकारी भी मिलती है, और साथ ही इसमें ऐसा लचीलापन भी है जिससे कम जोखिम में टैक्स बचाते हुए बेहतर कमाई हो सके.

कॉग्निजेंट ने ऐस टीम प्रोग्राम का शुभारंभ किया

इंदौर. कॉग्निजेंट अपने कॉग्निजेंट ऐस टीम प्रोग्राम के शुभारंभ की घोषणा की. कंपनी ने बहुत सोच-समझकर इस पहल की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य बेहद होनहार इंजीनियरों की एक बेहतरीन टीम तैयार करना है, जो ग्राहकों को आज के जमाने के अनुरूप डिजिटल बदलाव को अपनाने में मदद करने के साथ-साथ कॉग्निजेंट को एक पूरी तरह से एआई बिल्डर संगठन के रूप में विकसित करने में सबसे अहम भूमिका निभाएंगे. राजेश वारियर, प्रेसिडेंट- ग्लोबल ऑपरेशंस और चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, कॉग्निजेंट इंडिया ने कहा कॉग्निजेंट ऐस टीम कार्यक्रमकी शुरुआत हमारे इंजीनियर्स की काबिलियत को और बढ़ाने की दिशा में बेहद जरूरी कदम है, क्योंकि अब कंपनियां सिर्फ एआई के प्रयोगों से हटकर इसे काम में तेजी से इस्तेमाल करने की तरफ बढ़ रही हैं. हमारा उद्देश्य एआई को सिर्फ़ विचारों तक सीमित नहीं रखकर उसे असल में लागू करना और अलग-अलग उद्योगों में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करने में सक्षम बनाना है.

परिवर्तन कार्यक्रम पराली जलाने से बचाने में बना मददगार

इंदौर. विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर, एचडीएफसी बैंक ने अपने सीएसआर कार्यक्रम परिवर्तन के ज़रिए, सीआईआई फाउंडेशन के साथ मिलकर, अपनी फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) पहल में एक बड़ी उपलब्धि की घोषणा की. 2025 के सीज़न में, पंजाब और हरियाणा के कुल 3,78,425 एकड़ खेतों में से 88 फ़ीसदी खेतों को पराली जलाने से बचाया गया. एचडीएफसी बैंक की सीएसआर प्रमुख नुसरत पठान ने कहा पराली जलाना सिर्फ़ एक कृषि आदत नहीं है, यह एक व्यवस्थागत चुनौती है जिसकी जड़ें अर्थव्यवस्था, पहुंच और जागरूकता में हैं. एचडीएफसी बैंक परिवर्तन की सीआईईई फाउंडेशन के साथ साझेदारी ने इन तीनों पहलुओं को एक साथ संबोधित किया है. हमने एक ऐसा मॉडल तैयार किया है जो किसानों के लिए वास्तविक बचत के साथ-साथ पर्यावरणीय परिणाम भी देता है.

महू कैंट में नर्मदा की मुख्य पाइपलाइन फटी, घरों-दुकानों में घुसा पानी

▶ जहां बूंद-बूंद पानी को तरस रहे, वहां तालाब बनकर बहा लाखों गैलन पानी!

इंदौर/महू. कैंट बोर्ड क्षेत्र में गुरुवार सुबह गैरिसन ग्राउंड के पास नर्मदा की मुख्य पाइपलाइन फट गई. इससे हजारों लीटर पानी सड़क पर बह गया. पानी के तेज बहाव के कारण आसपास के घरों और दुकानों में पानी घुस गया. रहवासियों का कहना है कि लीकेज की सूचना पहले ही कैंट बोर्ड को दे दी गई थी, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा अब लोगों को भुगतना पड़ रहा है.

गुरुवार सुबह शहर के सबसे व्यस्त और प्रमुख क्षेत्र ड्रीमलैंड चौराहे के पास अचानक उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब ड्रीमलैंड से भायाजी मार्ग होते हुए हरी फाटक की ओर जा रही 1700 एमएम व्यास की नर्मदा पाइपलाइन में बड़ा लीकेज हो गया. देखते ही देखते पाइपलाइन से तेज दबाव के साथ पानी का विशाल फव्वारा फूट पड़ा और कुछ ही मिनटों में पूरा क्षेत्र जलमग्न हो गया. स्थिति ऐसी बनी कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से लेकर मालवा कॉम्प्लेक्स तक दुकानों और घरों में पानी घुस गया, जबकि गैरिसन ग्राउंड के आसपास का इलाका तालाब में तब्दील हो गया. शहर की पहचान माने जाने वाले ड्रीमलैंड चौराहे और सेंट्रल स्ट्रीट का नजारा किसी सड़क का नहीं, बल्कि इस लीकेज के कारण स्विमिंग पूल जैसा प्रतीत हो रहा था.

आज इंदौर की लगभग 80 पानी की टंकियों में जलापूर्ति नहीं - नर्मदा विभाग के अधिकारी जिम्मी रॉबर्ट के अनुसार, पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण शुक्रवार को इंदौर की लगभग 80 पानी की टंकियों में जलापूर्ति नहीं हो पाएगी. इसका असर महू शहर और सैन्य क्षेत्र (आर्मी एरिया) पर भी पड़ेगा. शुक्रवार को कई इलाकों में पानी की आपूर्ति बाधित रहने की संभावना है. इधर, छावनी परिषद के जलापूर्ति सुपरवाइजर अजीत ने पुष्टि की कि यह नर्मदा फेस-3 की मुख्य पाइपलाइन है. सूचना मिलते ही नर्मदा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे. हालांकि, पाइपलाइन में पानी का दबाव अधिक होने के कारण तत्काल मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया जा सका.

40 एमएलडी पानी हुआ बर्बाद- नर्मदा पानी की लाइन फूटने से करीब 40 एमएलडी पानी बर्बाद हो गया. इस कारण नर्मदा तृतीय चरण से सप्लाई होकर भरने वाली टंकिया आज खाली रही. सवाल यह है कि जो लाइन पूरे समय पानी से भरी रहती है, उसमें हवा का दबाव कैसे बना? खैर लाइन का ज्वाइंट टूट गया और 40 एमएलडी पानी सड़कों पर यूं ही व्यर्थ बह गया. इससे करीब 20 प्रतिशत शहर में पानी के पूर्ति हो जाती, लेकिन आपदा में सुधार ही एक मात्र विकल्प है. दोपहर में टूटी लाइन को सुधारने का काम निगम के अधिकारियों ने शुरू कर दिया था. काम शुरू करने से पहले नगर निगम को वेल्डिंग करने के लिए लाइन पूरी लाइन खाली करने का इंतजार करना पड़ा. देर रात 10 बजे तक नगर निगम द्वारा नर्मदा लाइन सुधार कार्य खत्म करने का दावा किया गया है.

प्रेशर से खुल गया था जॉइंट

जलकार्य अभिषेक बबलू शर्मा ने बताया कि ज्वाइंट प्रेशर से खुल गया था. नगर निगम की पूरी टीम सुधार कार्य करने के लिए मौके पर है. अपर आयुक्त आशीष कुमार पाठक और मेरी निगरानी में सुधार कार्य चल रहा है. रात 10 बजे तक वेल्डिंग और वाल का काम खत्म होने की संभावना है. इसके बाद वापस लाइन में पानी भरा जाएगा, जिसमें 6 घंटे लगते है. इसके बाद ही कल सुबह सप्लाई शुरू हो सकेगी.

जनजातीय कार्य विभाग कर्मचारी और शिक्षकों की स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू

नवभारत न्यूज

इंदौर. जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग कर्मचारियों और शिक्षकों के स्वैच्छिक स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है. राज्य शासन की स्थानांतरण नीति 2026-27 के तहत इच्छुक कर्मचारी और शिक्षक 3 से 8 जून तक ई-एचआरएमएस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे.

स्थानांतरण के लिए आवेदन करने वाले कर्मचारियों को अधिकतम 15 कार्यालयों अथवा संस्थाओं का विकल्प चुनने की सुविधा दी गई है. आवेदन के साथ स्थानांतरण के कारणों से संबंधित आवश्यक दस्तावेज पीडीएफ प्रारूप में अपलोड करना अनिवार्य रहेगा. प्रत्येक दस्तावेज का आकार 2 एमबी तक निर्धारित किया गया है. आवेदन जमा होने के बाद उसमें किसी प्रकार का संशोधन नहीं किया जा सकेगा. स्थानांतरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आवेदन में दी गई जानकारी और संलग्न दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। गलत जानकारी अथवा सत्यापन में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी और जिम्मेदार अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकेगी.

पोर्टल पर प्रदर्शित होने वाली रिक्तियां प्रारंभिक रूप से उपलब्ध जानकारी के आधार पर दिखाई जाएंगी, जिनमें आवश्यकता अनुसार समय-समय पर संशोधन संभव होगा. माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षकों के स्थानांतरण केवल संबंधित विषय के रिक्त पदों पर ही किए जाएंगे। वहीं परिवीक्षा अवधि में कार्यरत प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों को स्थानांतरण प्रक्रिया से बाहर रखा गया है. जिलों में रिक्त पदों की जानकारी दर्ज करने और उसके सत्यापन की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है.

सिरपुर तालाब की चैनल बंद कर बना ली अवैध कॉलोनी

▶ नगर निगम ने किया रिमूवल और चैनल खोली

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में पानी की लगातार कमी बढ़ती जा रही है, लेकिन भू माफिया और कॉलोनाइजर तालाब के चैनल बंद करने और अपने हित साधने से बाज नहीं आ रहे हैं. आज भी नगर निगम ने सिरपुर तालाब की चैनल बंद करके अवैध कॉलोनी निर्माण के खिलाफ रिमूवल की कार्रवाई की है.

दरअसल मामला ग्राम सुखनिवास के खसरे नंबर 80/1, 80/2 और अन्य कृषि भूमि का है. उक्त भूमि के बीच में नाला है, जो सिरपुर तालाब में पानी जाने की चैनल भी है. उक्त चैनल को बंद कर उसमें पाइप डाल कर सड़क बना ली एवं अवैध कॉलोनी का निर्माण कर प्लॉट भी काट दिए. जब अवैध कॉलोनी निर्माण की जानकारी प्रशासन और नगर निगम को मिली, तो आज ग्राम सुखनिवास में रिमूवल दस्ते के साथ निगम का अमला पहुंचा. मौके पर नगर निगम अधिकारी सकते में आ गए कि सिरपुर तालाब में पानी जाने वाली चैनल ही बंद कर दी गई. हालांकि जमीन का मालिक किसान ही है, लेकिन पानी का नाला निजी नहीं है. नगर निगम सहायक यंत्री कॉलोनी सेल टीना सिसौदिया, भवन अधिकारी प्रभात तिवारी और रिमूवल दस्ते ने मौके पर साढ़े तीन एकड़ जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की. साथ ही अवैध रूप से बनाई कच्ची सड़क और सिरपुर तालाब में पानी जाने वाली चैनल में डाले पाइप तोड़कर हटा दिए और बंद की गई चैनल को वापस खोला.

ब्रिक्स सम्मेलन की तैयारियां अंतिम चरण में

▶ कृषि सचिव ने किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

इंदौर. 9 जून से इंदौर में शुरू होने जा रहे अंतरराष्ट्रीय महत्व के ब्रिक्स सम्मेलन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं. सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर प्रशासन और संबंधित विभागों ने व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है. इसी क्रम में मध्यप्रदेश शासन के कृषि विभाग के सचिव निशांत वरवड़े गुरुवार को इंदौर पहुंचे और आयोजन से जुड़े विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की.

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सम्मेलन में शामिल होने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया. अतिथियों के स्वागत, आवास, परिवहन, सुरक्षा और अन्य आवश्यक सुविधाओं को लेकर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए. कृषि सचिव ने होटल शेरेटन, मैरियट होटल और ग्रामीण हाट बाजार सहित सम्मेलन से जुड़े प्रमुख स्थलों का दौरा किया. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आयोजन के दौरान आने वाले प्रतिनिधियों को बेहतर अनुभव उपलब्ध कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं उच्च गुणवत्ता और पेशेवर मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं.

निरीक्षण के दौरान मंडी एमडी कुमार पुरुषोत्तम, एमडी पर्यटन दिलीप यादव, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन, कृषि विभाग के उप सचिव रोहित सिसोनिया, संयुक्त संचालक कृषि आलोक मीणा, उप संचालक कृषि सी.एल. केवड़ा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.

नवाचार के लिए महत्वपूर्ण अवसर

ब्रिक्स सम्मेलन को इंदौर के लिए वैश्विक मंच पर अपनी कृषि, नवाचार और विकास उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है. सम्मेलन में विभिन्न सदस्य देशों के प्रतिनिधियों की भागीदारी प्रस्तावित है. इसके माध्यम से कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नए विचारों, तकनीकों और अनुभवों के आदान-प्रदान को भी बढ़ावा मिलेगा.

रतलाम रेल मंडल के माल लदान में 16.56 प्रतिशत वृद्धि

नवभारत न्यूज

इंदौर. पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के पहले दो महीनों के दौरान माल लदान में वृद्धि दर्ज की गई है. अप्रैल और मई 2026 के दौरान मंडल ने कुल 3.51 मिलियन टन माल का लदान किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 16.56 प्रतिशत अधिक है.

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा बताए अनुसार मई 2026 में मंडल द्वारा 1.91 मिलियन टन माल का लदान किया गया. यह आंकड़ा पिछले वर्ष के मई माह की तुलना में 18.29 प्रतिशत अधिक है. रेलवे के अनुसार माल लदान में वृद्धि विभिन्न वस्तुओं की परिवहन मात्रा बढ़ने से हुई है. पेट्रोलियम, ऑयल एवं लुब्रिकेंट पीओएल की लोडिंग में 238.68 प्रतिशत तथा खाद्यान्न लोडिंग में 105.81 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई. इसके अलावा सीमेंट, क्लिंकर और अन्य वस्तुओं की लोडिंग में भी बढ़ोतरी हुई है. जारी आंकड़ों के अनुसार एक मिलियन टन या उससे अधिक वार्षिक माल लदान वाले भारतीय रेल मंडलों में रतलाम मंडल ने वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 16.56 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की है. मंडल क्षेत्र के विभिन्न गुड्स शेडों से उद्योगों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के लिए माल परिवहन किया जा रहा है.

खुर्दा रोड मंडल में निर्माण कार्य के चलते इंदौर-पुरी एक्सप्रेस का संचालन प्रभावित

इंदौर. पूर्व तटीय रेलवे के खुर्दा रोड मंडल अंतर्गत पुरी रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म एवं स्टेशन यार्ड के विकास एवं निर्माण कार्यों के लिए प्रस्तावित ट्रैफिक ब्लॉक का असर लंबी दूरी की ट्रेनों के संचालन पर पड़ने जा रहा है. इसी क्रम में पश्चिम रेलवे से संचालित इंदौरङ्कपुरी एक्सप्रेस के परिचालन में अस्थायी बदलाव किया गया है. पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि निर्माण कार्य के कारण कुछ दिनों के लिए इंदौरङ्कपुरी एक्सप्रेस अपने निर्धारित गंतव्य तक नहीं पहुंचेगी. रेलवे प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 9 एवं 16 जून को इंदौर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20917 इंदौर-पुरी एक्सप्रेस को मालतीपाटपुर स्टेशन पर ही समाप्त किया जाएगा. इसके चलते ट्रेन मालतीपाटपुर से पुरी के बीच संचालित नहीं होगी. इसी प्रकार 11 एवं 18 जून को पुरी से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 20918 पुरी-इंदौर एक्सप्रेस का प्रारंभिक स्टेशन अस्थायी रूप से मालतीपाटपुर रहेगा. यह ट्रेन पुरी से मालतीपाटपुर के मध्य नहीं चलेगी तथा मालतीपाटपुर से अपने निर्धारित समयानुसार इंदौर के लिए रवाना होगी. रेलवे अधिकारियों के अनुसार पुरी स्टेशन एवं यार्ड क्षेत्र में किए जा रहे निर्माण कार्यों का उद्देश्य रेलवे अवसंरचना को मजबूत बनाना तथा परिचालन सुविधाओं में सुधार करना है. निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षित और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित खंड में ब्लॉक लिया जा रहा है, जिसके कारण ट्रेनों के परिचालन में यह अस्थायी परिवर्तन आवश्यक हुआ है.

पौधों का संरक्षण और संवर्धन अधिक महत्वपूर्ण

इंदौर. विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सामाजिक संस्था मालवमंथन द्वारा रुक्मणीबेन दीपचंदभाई गार्डी नर्सेस ट्रेनिंग सेंटर में पंच प्रतिज्ञा एवं पंचवटी रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षों के संवर्धन तथा पॉलीथिन मुक्त जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया गया.

मुख्य वक्ता डॉ. स्वप्निल व्यास ने कहा कि केवल वृक्षारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लगाए गए वृक्षों का संरक्षण और संवर्धन अधिक महत्वपूर्ण है. कार्यक्रम में वैशाली खरे ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को पर्यावरण संरक्षण की पंच प्रतिज्ञा दिलाई. वहीं महाविद्यालय की प्राचार्य लवली ए. जोशी ने विश्वास दिलाया कि संस्थान परिसर को पूर्णत: पॉलीथिन मुक्त परिसर बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे. इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के संदेश को व्यवहार में उतारने हेतु सभी प्रतिभागियों को हाथों से निर्मित कागज की थैलियों का वितरण भी किया गया तथा पंचवटी के अंतर्गत विभिन्न पौधों का रोपण किया गया. कार्यक्रम में पुखराज गहलोत, डॉ. सोनम दुबे, डॉ. सपना सिंह, कपिल गुप्ता, भावना शर्मा, नित्या व्यास सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे.

एक नजर में ▶ मधुबनी (बिहार) से आए अप्लास्टिक एनीमिया पीड़ित बालक के परिजनों ने किया वृक्षारोपण

जल, जीवन और जमीन के संरक्षण के लिए पौधारोपण आवश्यक : डॉ. द्विवेदी

इंदौर. विश्व पर्यावरण दिवस के एक दिन पूर्व मधुबनी (बिहार) निवासी प्रमोद साहनी एवं सरोज साहनी अपने अप्लास्टिक एनीमिया (बोन मैरो की गंभीर बीमारी) से पीड़ित बच्चे के उपचार हेतु इंदौर स्थित एडवांस्ड होम्यो हेल्थ सेंटर एवं होम्योपैथिक मेडिकल रिसर्च संस्थान पहुंचे. इस अवसर पर उन्होंने वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. ए.के. द्विवेदी के साथ जामुन एवं बेल के पौधों का रोपण किया.

इस अवसर पर डॉ. ए.के. द्विवेदी ने कहा कि जल, जीवन और जमीन का संतुलन बनाए रखने में वृक्षों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है. वृक्ष वर्षा को आकर्षित करने, भूजल स्तर बनाए रखने, मिट्टी के कटाव को रोकने तथा वातावरण को शुद्ध रखने में सहायक होते हैं. यदि धरती पर हरियाली बनी रहेगी तो जल स्रोत सुरक्षित रहेंगे, भूमि की उर्वरता बढ़ेगी और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण प्राप्त होगा, इसलिए प्रत्येक नागरिक को प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करने का संकल्प लेना ही चाहिए. वहीं जामुन मधुमेह नियंत्रण में उपयोगी औषधीय गुणों के लिए प्रसिद्ध है. उन्होंने नागरिकों से पीपल, बरगद, नीम, बेल, आंवला एवं आम जैसे वृक्ष लगाने तथा प्रत्येक परिवार में तुलसी का पौधा लगाने का आग्रह किया. प्रमोद साहनी ने बताया कि उन्हें बिहार के डॉ. नरेश द्वारा उपचार हेतु डॉ. ए.के. द्विवेदी के पास भेजा गया था. इंदौर में उन्हें घर जैसा वातावरण एवं आत्मीय सहयोग मिला. उन्होंने कहा कि डॉ. द्विवेदी की सलाह पर बच्चे के पोषण हेतु मछली सेवन पर भी चर्चा हुई, जिसके दौरान उन्होंने अपने मछली पालन व्यवसाय की जानकारी साझा की. श्री साहनी ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकारों की योजनाओं और प्रशिक्षणों से प्रेरित होकर वे सफलतापूर्वक मत्स्य पालन कर रहे हैं तथा अन्य लोगों को भी प्रशिक्षण दे रहे हैं.